हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

11 बारिश पूर्व शहर की नालियों की सफाई शुरू

12 गर्मी में भी शहरवासियों को मिलेगा भरपूर पानी...

नवरात्रि विशेष

चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

सरकारी गाइडलाइन में जमीन के दाम बढ़ाने की चल रही तैयारी

पांच साल बाद बढ़ेंगे जमीन के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करीब पांच साल बाद जमीन की रजिस्ट्री की गाइडलाइन बढ़ाने की तैयारी चल रही है। सरकार द्वारा एक साथ करीब 20-25 प्रतिशत बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है। यही नहीं रजिस्ट्री दर पर में भी परिवर्तन की संभावना है। उधर नए वित्तीय वर्ष से पहले जिले में जमकर रजिस्ट्री हुई।

शहर ही नहीं पूरे जिले में जमीन के सरकारी दाम में पिछले पांच साल से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। पांच साल पहले जो गाइडलाइन थी, उसी के आधार पर अब तक जमीन की खरीदी बिक्री की रजिस्ट्री हो रही है। यही नहीं रजिस्ट्री में भी कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है। अब नया वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है। ऐसे में नए सिरे से जमीन के दाम को लेकर गाइडलाइन लागू करने की तैयारी चल रही है। जमीन के खसरा नंबर सहित अन्य चीजों में अंतर आया है। इस हिसाब से परिसीमन भी किया जाना है। जिलास्तर की समिति द्वारा गाइडलाइन सहित अन्य औपचारिकता पूरी कर राज्य स्तर की समिति सौंप दी गई है।

जानकारी के अनुसार इसमें कई प्रमुख स्थानों में जमीन के दाम में 25-30 प्रतिशत बढ़ोतरी की अनुशंसा की गई है। राज्य सरकार द्वारा थोड़ा बहुत संशोधन के बाद इस प्रस्ताव को लागू किए जाने की संभावना है।

मई-जून में लागू होगी नई गाइडलाइन

पांच साल में जमीन के दाम में परिवर्तन नहीं होने का सबसे बड़ा लाभ जमीन कारोबारियों को मिला। इन पांच सालों में जिले में जमीन की जमकर खरीदी बिक्री हुई। रजिस्ट्री दर और गाइडलाइन में जमीन की कीमत कम होने रजिस्ट्री का भार भी कम पड़ रहा था। मई जून तक खरीदी बिक्री का यह सिलसिला जारी रहेगा। बताया गया है कि नई गाइडलाइन मई जून तक लागू होगी तब तक पुरानी दर पर ही खरीदी बिक्री की जाएगी। नई दर लागू होने पर जमीन की खरीदी बिक्री में कुछ कमी आने की आशंका है।

बाईपास सहित कई क्षेत्र में रजिस्ट्री होगी महंगी

कुछ ही सालों में बाईपास व उससे लगे गांवों में जमीन के दाम में कई गुना वृद्धि हुई है। बाईपास में जमीन सोने से भी महंगी है। मिली जानकारी के अनुसार बाईपास में प्रति डिसमिल जमीन की कीमत 6-7 लाख रूपए तक पहुंच गई है। एक एकड़ जमीन तो करोड़ों रुपए में बिक रही है। वहीं बाईपास से लगे गांवों में भी जमीन के टुकड़ों की कीमत 3 लाख रुपए डिसमिल तक पहुंच गई है। उधर सरकारी गाइडलाइन में इस क्षेत्र की जमीन में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई है। अब इस इलाके में बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार शहर से लगे हुए इलाकों में भी जमीन महंगी हुई है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां पर बड़ी संख्या में कालोनियां डेवलप हो रही हैं।

डेमो दिखाकर पूर्णतः प्रमाण-पत्र लिया अब पानी की समस्या से जूझ रहे

- बगरुमनाला पंचायत के आश्रित ग्राम बेंद्रापानी में नल जल योजना का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में नल-जल योजना का बुरा हाल है। पीएचई अधिकारी और सरपंच से सेटिंग कर ठेकेदार कार्य पूर्णतः का प्रमाण पत्र ले रहे हैं। बिजली की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद स्ट्रीट पोल से लाइन खींचकर टेस्टिंग करते हैं और अपना काम साधकर ठेकेदार फुर्र हो जाते हैं।

मंगलवार को नगरी तहसील के ग्राम पंचायत बगरुमनाला के आश्रित ग्राम बेंद्रापानी से पहुंचे सरपंच राजेश्वरी कावड़े सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है कि जुलाई 2024 में नल जल योजना के तहत पानी टंकी बनकर तैयार हो चुकी है। पानी टंकी तैयार होने के कुछ सप्ताह बाद स्ट्रीट पोल से बिजली लेकर नल जल योजना की टेस्टिंग की गई। टेस्टिंग के दौरान घरों तक पानी की सप्लाई हुई। डेमो दिखलाने के बाद पीएचई अधिकारी, सरपंच तथा ठेकेदार ने मिलकर गांव में ग्रामसभा का आयोजन किया। ग्रामसभा में महिलाओं से नल जल से पानी मिल रहा है, कहकर जबरदस्ती सहमति ली गई तथा वीडियोग्राफी करवाई।

कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण भगवानी, श्रवण मरकाम, भावसिंग, परदेशी, मानसिंग, बलीराम, समारू, रामप्रसाद ने बताया कि नल जल योजना के लिए बेंद्रापानी में बिजली की सुविधा नहीं है। बिजली के लिए गांव में ट्रांसफार्मर लगाना होगा। अन्य कार्य भी अधूरे हैं। गांव में दो हैंडपंप से पेयजल की आपूर्ति मुश्किल हो रही है। दो तालाब है जहां पानी सूखने की कगार पर है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2025 को जनसमस्या निवारण शिविर केरेगांव में समस्या की जानकारी दी गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या जल्द दूर करने की मांग की है।

सामुदायिक भवन की मांग

बेंद्रपानी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे एक अन्य मांग पत्र में कहा है कि गांव में सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य कार्यक्रम के लिए सामुदायिक भवन की लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन उसकी मांग पर विधायक या अधिकारी गंभीर नहीं हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से सामुदायिक भवन बनाने की मांग की है।

गर्मी बढ़ते ही स्कूलों के समय में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भयावह गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। इसके लिए डीपीआई से आदेश भी जारी हुआ है। इस आदेश को सभी स्कूल को फारवर्ड कर दिया गया है। आज से समय में बदलाव सभी स्कूलों में लागू कर दिया जाएगा।

अप्रैल माह शुरू होने से पहले ही जिले में भयावह गर्मी शुरू हो गई है। लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। उधर अभी भी स्कूलों में लोकल कक्षाएं लग रही हैं। स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों के समय में परिवर्तन का निर्णय लिया है। इसके लिए डीपीआई से सभी जिलों में आदेश भेजा गया है, जिसके अनुसार 2 अप्रैल से सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया जाना है। यह बदलाव सरकारी स्कूलों के साथ प्राइवेट स्कूलों में भी लागू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जिन स्कूलों में एक पाली में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां पर सुबह 7 बजे से 11 बजे तक कक्षाएं लगेंगी। जहां पर दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां पर प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे और हाई एवं हायर सेकेंडरी की कक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेंगी। समय में परिवर्तन का यह आदेश 30 अप्रैल तक के लिए है। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाएं हो चुकी हैं। वहीं 5वीं और 8वीं कक्षा की परीक्षा अंतिम चरण में है। आज कक्षा 8वीं का अंतिम पेपर है। प्राइमरी, मिडिल की कक्षाओं के साथ 9वीं और 11वीं कक्षा की परीक्षाएं बाकी हैं। स्कूलों में इन कक्षाओं के छात्रों की पढ़ाई चल रही है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

खबर संक्षेप

उमरगांव में मानस सम्मेलन 4 अप्रैल से

नगरी। ग्राम उमरगांव में चैत्र नवरात्रि पर मानस सम्मेलन का आयोजन 4, 5, 6 अप्रैल को किया गया है जिसमें 18 ख्यातिप्राप्त मंडली रामकथा का रसपान करायेगी। 6 अप्रैल को श्रीराम जन्म उत्सव मनाया जायेगा। तैयारी में मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष चन्द्रभान यादव, पूनमचंद कश्यप, सचिव देवेंद्र सेन, सहसचिव संतोष कामड़े, कोषाध्यक्ष कृपाराम ठाकुर, मीडिया प्रभारी रोमेश साहू, अंगेश हिरवानी, विष्णु शेष, दुर्गेश पुजारी, डिकेश्वर साहू, तोपेंन्द्र साहू, कृष्ण मारकोले समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

चेतना का नवोदय में चयन

धमतरी। प्राथमिक शाला सियादेही की कुमारी चेतना पिता गोपीराम नागेश का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। इनके मार्गदर्शक शिक्षक डीएम सिंह पटेल एवं शिक्षिका श्रीमती सत्यभामा साहू हैं। छात्रा के चयन पर कीर्तन नागेश, श्रीमती नीलेश्वरी देवकी, पुष्पा तथा संजय रामटेके ने हर्ष व्यक्त किया है।

पिता की जान बचाने वाले बहादुर बच्चों को वीरता पुरस्कार देने समाज ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देवांगन समाज ने अपने पिता को पानी में डूबने से बचाने वाले दो बहादुर बच्चों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग की है। मंगलवार को धमतरी मंडल देवांगन समाज अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, महिला मंडल अध्यक्ष खुशबू देवांगन, प्रभा देवांगन, रामचंद, कोमल, जितेंद्र, ओमप्रकाश, कमलेश, मनीष, मिथिलेश देवांगन ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि समाज के बहादुर एवं जांबाज बच्चे आशु पिता संतोष देवांगन, मेहुल पिता मिथिलेश देवांगन ने 28 मार्च को रूद्री बांध की गहराई में डूबते हुए अपने पिता की जान बचाई। प्राथमिक उपचार देकर उसकी जीवन रक्षा की। बहादुर बच्चों ने उल्लेखनीय कार्य किया है। समाज ने बच्चों को वीरता पुरस्कार देने की मांग की है।

धारदार बंडा व चाकू लहराते दो गिरफ्तार

- अर्जुनी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क किनारे धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा धमका रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पेट्रोलिंग पर निकली अर्जुनी पुलिस को मुखबीर से ग्राम पुरी मोड़ सड़क किनारे दो युवकों द्वारा धारदार हथियार से आने-जाने वालों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल पुरी मोड़ पहुंची। यहां दो युवक धारदार बंडा व चाकू लहरा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ पूछताछ की। इस दौरान एक ने अपना नाम अमित सोनवानी पिता खेमलाल उम्र 28 वर्ष ग्राम छाती थाना कुरूद एवं दूसरे ने कमलेश यादव पिता शिव उम्र 30 वर्ष ग्राम छाती थाना कुरूद निवासी बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से धारदार बंडा व चाकू जब्त कर लिया। आरोपी अमित सोनवानी व कमलेश यादव को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

तीन किमी एरिया तक दुर्गंध और मक्खियों से परेशान हैं ग्रामीण

कुसुमखुंटा में मक्खियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम कुसुमखुंटा में संचालित मुर्गी फार्म ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। तीन किमी के क्षेत्र में मक्खियों के आतंक से लोगों का जीना दूभर हो गया है। वही असहनीय दुर्गंध से ग्रामीणों का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा है। सरपंच प्रतिनिधि रामायण सिन्हा के नेतृत्व में मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मक्खी और दुर्गंध की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

बिरझुली सरपंच प्रतिनिधि रामायण सिन्हा, पुष्पलता सिन्हा, पूर्व सरपंच प्रेमीनबाई ध्रुव, पंच गैंदी ध्रुव, रजनीबाई, कमलेशबाई, जामबाई ध्रुव, सोमकुमार ध्रुव, महेश्वरीबाई, गौतम ध्रुव, संतराम, नोहर, महेश्वर, नरेंद्र, सुकलाल, देवेंद्र नेताम, गुलाब नेताम, युवराज ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा कि बिरझुली पंचायत के ग्राम कुसुमखुंटा में एमआई हेचरी मुर्गी फार्म संचालित है। साफ-सफाई के अभाव में भारी मात्रा में मक्खियां उत्पन्न हो रही हैं जो मुर्गी फार्म से तीन किमी एरिया तक के क्षेत्र को व्यापक रूप से प्रभावित कर रही है। भोजन करने, पानी पीने की समस्या बन गई है, वहीं दुर्गंध के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने हेचरी फार्म से आने वाली मक्खियों तथा दुर्गंध पर तत्काल नियंत्रण कराने की मांग की है।

खबर संक्षेप

उमरगांव में जल रहे आस्था के ज्योत

नगरी। ग्राम उमरगांव में चैत्र नवरात्रि पर माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं द्वारा तेल, घी की ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। ग्राम में चार जगह ज्योति प्रज्ज्वलित है। शीतला माता मंदिर में 28 ज्योति जगमगा रही है। इसी तरह दुर्गा मंदिर, हल्बा समाज, खम्भेश्री मांई के दरबार में आस्था के दीप जल रहे हैं। माता रानी के दरबार में माता सेवा, भजन कीर्तन आयोजित हो रहा है।

ओमप्रकाश व सिद्धार्थ का नवोदय में चयन

मगरलोड। शासकीय प्राथमिक शाला शुक्लाभाठा के छात्र ओमप्रकाश पिता खुमान नवरंगे व सिद्धार्थ पिता चंद्रजीत बंजारे का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इनके चयन पर प्रधानपाठक रवि साहू, शिक्षक अनिल कंवर, शिक्षिका केशरी कंवर, सरपंच हेमकुमार यादव, प्राचार्य एसके साहू, पालक समिति अध्यक्ष देव बंजारे ने हर्ष व्यक्त किया है।ज्ञात हो कि विगत आठ वर्ष में इस विद्यालय के 16 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हो चुका है।

गुरू घासीदास ने समाज से भेदभाव को समाप्त किया

धमतरी। विधायक ओंकार साहू सतनाम सम्मेलन और मंगल चौका कार्यक्रम में ग्राम पीपरछेड़ी (गागरा) पहुंचे। उन्होंने गुरु घासीदास की पूजा- अर्चना कर उनके द्वारा समाज सुधार में किये आये अनुकरणीय कार्य को स्मरण किया। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा ने सतनामी समाज को संगठित कर राज्य की प्रगति के लिये अनुकरणीय कार्य किए हैं। लाखों लोग उनके बताए रास्ते पर चलकर आज मनखे मनखे एक समान का नारा लगा रहे हैं। उन्होंने छुआछूत, जातपात के भेदभाव को समाप्त किया। मौके पर श्रीमती मीता कौशिक सरपंच, हेमलाल बंजारे उपसरपंच, दुर्गेश्वरी निर्मलकर पूर्व सरपंच, दिनेश साहू पूर्व सरपंच, मोहन कोसले, अलख बंजारे, किरण कुमार जोशी, नवीन कुमार कोसले , मुन्नाराम बंदे, चिंताराम जोशी, गोविंद राम कोसले, पवन बंजारे, भुनेश्वर ध्रुव, डोमेन यादव, ओंकार लहरे, जितेंद्र कोसले, रमेश लहरे समेत बड़ी संख्या में समाजन उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

अधिवेशन में दो जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह, समाजजन बने घराती-बाराती

कोसरिया यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज कुरुद परिक्षेत्र का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन जीजामगांव दुर्गा चौक स्थित भाटापारा में हुआ। अधिवेशन प्रारंभ होने के पूर्व भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना के बाद गांव में कलश यात्रा निकाली गयी। बीरसिंग राउत नृत्य पार्टी शोभा यात्रा के आगे चल रही थी। अतिथिजनों ने संगठन की मजबूती एवं अखंडता के लिए आपसी सामंजस्य स्थापित कर एकता के सूत्र में बंधने का आव्हान किया। शिक्षा पर विशेष जोर दिया।

अधिवेशन में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रदेश उपाध्यक्ष माधव कुंवर सिंह यादव ने सम्मानित किया। अधिवेशन में युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ। अधिवेशन में आदर्श विवाह हुआ। राधा कुमारी यादव ग्राम कुहकुहा संग चोवाराम यादव ग्राम करेली छोटी और रोशनी यादव ग्राम कोंडापार संग दिलीप यादव ग्राम कपसदा परिणय सूत्र में बंधे। समाजजन घराती-बाराती बने। महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष लोमिन यादव एवं संरक्षक श्रीमती उषा यादव कुरुद के नेतृत्व में महिलाओं के लिए मटका फोड़, रस्साकसी, कुर्सी दौड़, सुआ गीत व चम्मच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

मौके पर प्रांतीय संरक्षक किशुन राम यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष माधव कुवंरसिंह यादव , प्रांतीय सचिव राजेश कुमार यादव, प्रांतीय महामंत्री कमलेश यादव, प्रांतीय महाचिव पूरनलाल यादव, चंद्रप्रकाश यादव, श्रीमती रीना यादव, शोभितराम यादव, बृजलाल यादव, ग्रामीण धमतरी राज अध्यक्ष बलराम यादव, धमतरी ग्रामीण महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरोज यादव पुरी, जिलाध्यक्ष जोहनसिंह यादव, नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव एवं नरेंद्र यादव, नगरी ब्लाक अध्यक्ष दीनदयाल यादव, चंद्रभान यादव, पवन यादव, कुरूद ब्लाक अध्यक्ष लीलाराम यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव डेरहुराम यादव, सहसचिव चेमन लाल यादव, कोषाध्यक्ष रेखराम यादव, सहकोषाध्यक्ष दारुण यादव, संरक्षक झगरुराम यादव, महामंत्री अशोक यादव, संगठन मंत्री महेश यादव, बीरसिंग यादव, प्रचार मंत्री तुकाराम यादव, जगत राम यादव, तुलसीराम यादव, लीलाराम यादव, चंद्रप्रकाश यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

दशमीं के दिन रिसाई माता सिंह के रूप में आती हैं

- नगरी से 35 किलोमीटर दूर गादुलबहरा में है मंदिर
- माता के दरबार में नि:संतान दम्पति की मुराद पूरी होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले के नगरी मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर ग्राम गादुलबहरा है। यह रिसगांव पंचायत का आश्रित ग्राम है। गादुलबहरा में रिसाई माता का मंदिर स्थापित है। जंगल के बीचोबीच नदी किनारे पूर्व में खपरैल नुमा मंदिर था। 2006 में मंदिर का निर्माण हुआ। माता रिसाई की साक्षात मान्यता बस्तर से है। माता रिसाई के दरबार में जो भी भक्त अपनी पीड़ा लेकर आता है, माता उनका हर दुख हरती है। माता के दरबार में निःसंतान दम्पति की मुराद पूरी होती है। चैत्र नवरात्र की दशमी के दिन माताजी की सवारी (वाहक) सिंह आज भी मंदिर परिसर में आता है। भंयकर गर्जना की आवाज आती है। कहा जाता है कि माता रिसाई सिंह के रूप में आती हैं और सब दीन दुखियों का कष्ट दूर कर मनोकामना पूर्ण करती हैं। रिसगांव, आमाबहर, गादुलबहरा, उजरावन, मांदागिरी, संदबहरा, करही, मासूलखोई, खल्लारी, साल्हेभाट, जोगी बिरदो, गाताबहर, जोरातराई के गांव की सहमति से जय रिसाई माता बारहपाली देव समिति बनाई गई है।

मंदिर के पुजारी महेश पुजारी प्रधान क्षेरा (बस्तर), भुरू राम पुजारी, मांई दन्तेश्वरी पुजारी रिसगांव, जय रिसाई माता बारहपाली देव समिति अध्यक्ष भगवान सिंह नाग, उपाध्यक्ष परमानंद नाग, सचिव शिवप्रसाद नेताम, सदस्य धरमू नाग झांकर संदबहरा, मंगलराम, विधान सिंह, बिसाहू राम, शीतल नेताम, द्वारिका मरकाम, सलदेव कामड़े, प्रभु नेताम, सुध्धु नेताम, घना मरकाम, लखन कुंजाम, चंद्रसाय नेताम, अंगद राम, ओमप्रकाश समिति से जुड़े हुए हैं।

इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व में माता रिसाई, माता शीतला के दरबार में 72 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित है। माता रिसाई के दरबार में वर्ष में एक बार चैत्र नवरात्र पर्व पर ज्योत प्रज्ज्वलित होता है।

सहकारी समितियों को मिली ब्याज अनुदान की राशि

पुरी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सहकारी समितियों के खाते में ऋण वितरण वर्ष 2022-23 के ब्याज अनुदान की करोड़ों राशि को समाहित किया गया है। अब समितियों के कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन एवं अन्य संस्था के काम आने से राहत मिलेगी। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस संबंध में संगठन द्वारा शासन प्रशासन, मंत्रालय को मांग पत्र सौंपा गया था। बैंकों के माध्यम से समितियों के सेविंग खातों में राशि समाहित कर दी गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, पंजीयक, शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

जमीन की खरीदी-बिक्री से राजस्व में हुआ इजाफा

- 4,376 दस्तावेज पंजीयन पर मिले 16 करोड़ 30 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

वित्तीय वर्ष 2024-25 में उप पंजीयक कार्यालय कुरूद में जमीन एवं सम्पत्तियों की खरीदी बिक्री अपने लक्ष्य को न छू पाई लेकिन रिकार्ड दस्तावेज पंजीबद्ध हुए।

उपपंजीयक कपील अहमद खान ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में रिकार्ड 4,376 दस्तावेज पंजीबद्ध हुए और कुल मिलाकर 16 करोड़ 30 लाख रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में तीन करोड़ 35 लाख अधिक राजस्व प्राप्त हुआ लेकिन जो लक्ष्य दिया गया था उसमें 78 प्रतिशत ही लक्ष्य की प्राप्ति हुई। श्री खान ने बताया कि शासन ने जो नीति दानपत्र निष्पादन में लाई है, उसका भरपूर लाभ किसानों एवं जनमानस ने उठाया। उपपंजीयक कार्यालय अपने नवीन भवन में संचालित हो रहा है जिससे रजिस्ट्री कराने वाले पक्षकारों के बैठने, पार्किंग की सुविधा मिलने से पंजीयन कराना आसान हो गया है। धान के मूल्यों में बढ़ोतरी से कृषकों को कृषि जमीन से अच्छी आमदानी होने से भी संपत्ति के क्रय विक्रय में

रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने सरपंच, उपसरपंच को दिया आंमत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

श्रीराम सेना संगठन समिति ने सरपंच नागेंद्र बोरझा, उपसरपंच हरीश साहू को हिन्दू नववर्ष राम नवमी में आमंत्रित कर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया। इस दौरान समिति के लव साहू, प्रवीर साहू, भरत पटेल, डेविड साहू, लीलेश साहू, रूद्रनाथ गोसाई, दुर्गेश भण्डारी, दयानंद साहू, पोखराज तारक, मिथिलेश पटेल, यश, विक्की साहू, पिंटू ध्रुव, लेखराज केंवट मौजूद थे।

स्वच्छ भारत मिशन : आज नपं कुरुद के घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बटेंगी डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत आज दोपहर 12 बजे से नगर पंचायत कुरुद के समस्त घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों मे अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य एवं नगर पंचायत कुरूद के जनप्रतिनिधियों द्वारा डस्टबिन वितरित किये जायेंगे।

गौरतलब है कि नगर को स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की दिशा में नगर पंचायत कुरूद के परिषद निरंतर प्रयासरत हैं। इसी दिशा में नगर के सभी सर्वाजनिक शौचालयों की भी मरम्मत की जा रही है।

अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि समस्त शौचालय सर्व सुविधाओं से परिपूर्ण होने जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि नगर को सुंदर बनाने के दिशा में आप सबका सहयोग भी अपेक्षित है। कचरा को डस्टबिन में ही रखें और हमारे सफ़ाई कर्मी को दें, साथ ही नगर के समस्त शौचालयों को भी साफ़ सुथरा बनाने में सहयोग करेंगे। सभी शासकीय भवनों को भी अपना घर समझकर उसे सुरक्षित कर साफ़ सुथरा रखें।

नगरी अंचल की खबरें

विश्वकर्मा समाज का अधिवेशन गढ़डोंगरी में हुआ

नगरी। ग्राम गढ़डोंगरी में जिला विश्वकर्मा समाज द्वारा एक दिवसीय जिला अधिवेशन का कार्यक्रम रखा गया। भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष मनाराम विश्वकर्मा ने की। अन्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, मनोहरदास मानिकपुरी, रवि दुबे, राकेश चौबे, रामचरण विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, लालेश्वरी विश्वकर्मा, रामबती विश्वकर्मा, यशोदा विश्वकर्मा थे।

पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

नगरी। महागृह प्रवेश उत्सव प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना अन्तर्गत मनाया गया। इसी कड़ी में नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत घुरावड़ में आवास निर्माण कर हितग्राहियों ने जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, सरपंच महेश नेताम, उपसरपंच ईश्वर मंडावी, पंच महेंद्र ध्रुव, लखन लाल मरकाम, अन्नकू राम मंडावी की उपस्थिति में पूजा पाठ कर गृह प्रवेश किया।

डोमपदर के शिक्षक को मिला शिक्षा गौरव सम्मान

नगरी। शासकीय प्राथमिक शाला डोमपदर संकुल बेलरगांव के शिक्षक रोहित देवांगन को अपने अभिनव नवाचार और शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्यस्तरीय शिक्षक कला और साहित्य अकादमी रायपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनल चौबे महापौर रायपुर थीं। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर श्री खंडेलवाल ने की। उनकी इस उपलब्धि पर खंड शिक्षाधिकारी नगरी, संकुल प्राचार्य बेलरगांव, समन्वयक बेलरगांव, शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति व डोमपदर के ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की है।

भाजपाइयों ने मोदी के मन की बात सुनी

नगरी। स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 7 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भारती डागा, राहुल डागा, मनीषा डागा, पायल डागा, दुर्गा डागा, अनीता साहू, चेलेश्वरी लखन साहू पार्षद उपस्थित थे।

महावीर तालाब में चला सफाई अभियान

नगरी। ग्राम पंचायत बोड़रा के महावीर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। तालाब के चारों तरफ सफाई की गई। मौके पर सरपंच शत्रुघन नाग, उपसरपंच महेश कश्यप, वार्ड पंच पन्नालाल समुंद, रवि नाग, गुंजा बाई कश्यप, भुनेश्वरी कश्यप, दुर्गा भेड़िया, लक्ष्मी ध्रुव, महेश चक्रधारी, फूलबासन साहू, राय सिंह भंडारी, परम साहू, इन्द्र कश्यप, वासुदेव मरकाम सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

विभिन्न ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की

ईद की खुशियों में झूम उठी नगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी-सिहावा क्षेत्र में सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोग आपस में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए और भाईचारे व सौहार्द्र की मिसाल पेश की। ईद-उल-फितर रमजान के पवित्र महीने के समापन के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह दिन आभार, खुशी और सामाजिक एकता का प्रतीक होता है। रमजान के पूरे महीने में रोजे रखने के बाद यह पर्व एक नई शुरुआत का संदेश देता है। नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद और पार्षद राजा पवार ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात की। ईद की नमाज अदा होने के बाद उन्होंने समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। नगर के मुस्लिम समाज ने भी नगर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को ईद की मुबारकबाद दी और मिल-जुलकर इस त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने पारंपरिक और धार्मिक रूप से ईद का पर्व मनाया। लोगों ने अपने घरों में विशेष पकवान बनाए। सेवइयां और मिठाइयां बांटी और रिश्तेदारों व मित्रों को दावत पर आमंत्रित किया। बच्चों के लिए यह दिन विशेष रूप से उल्लास से भरा रहा। उन्होंने नए कपड़े पहने और दोस्तों के साथ ईद की खुशियां मनाई।

ईद का यह पावन पर्व समाज में एकता, भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े होने का संकल्प लेते हैं।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ,
प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

बाइक से प्लग वायर निकालने की बात को लेकर विवाद, दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

महासमुंद। बसना के जगदीशपुर में बाइक के प्लग को निकालने की बात को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में अलग-अलग अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को दुर्गेश गुप्ता निवासी जगदीशपुरने बताया कि 29 मार्च की सुबह करीबन 8.30 बजे वह अपने घर के दरवाजे में बैठा था, इसी दौरान उसके घर के सामने में मकान निर्माण कर रहे मजदूर लोगों के द्वारा मोटर सायकल का प्लग किसी ने निकाल लिया है कहकर गाली गलौज की गई थी। इसके बाद 31 मार्च को शाम करीबन 7 बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था, तभी प्रार्थी ने अश्वनी, सुरेश, अजय से पूछा कि उस दिन किसको गाली गलौज कर रहे थे, तब अश्वनी ने तुमने मोटर सायकल का प्लग चुराया है कहा। इसके बाद तीनों एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। जब उसी पत्नी सोफिया गुप्ता ने बीच बचाव किया तब उनके साथ भी अश्वनी ने डंडे से मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले को लेकर दूसरे पक्ष के अश्वनी सेठ निवासी ग्राम बोईरडीह ने बताया कि 29 मार्च को वह ग्राम जगदीशपुर के प्रवीण के मकान निर्माण के लिए आया और अपने मोटर सायकल को दुर्गेश के घर के बगल करण पेड़ के नीचे में खड़ कर काम करने के लिए गया था। काम होने के बाद करीबन 4 बजे अपने मोटर सायकल को चालू किया, लेकिन वह स्टार्ट नहीं हुआ। इसके बाद देखा कि उसके मोटर सायकल के प्लग कैप को किसी के द्वारा निकाल लिया गया था, इसके बाद वह किसी तरह अपनी गाड़ी को लेकर चला गया। 31 मार्च को वह अपने साथी सुरेश के साथ प्रवीण के घर मिस्त्री सामान छोड़ने आए थे। इस दौरान दुर्गेश ने उसे बुलाया। तब वह और सुरेश गए, इसके बाद प्लग कैप को लेकर हुए विवाद में दुर्गेश और उसकी पत्नी सोफिया ने एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते शर्ट को फाड़ दिया तथा दुर्गेश ने पास में रखे डंडे से मुझे मारपीट किया। जब मारपीट को देखकर सुरेश सेठ छुडाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

गाली देने से मना किया तो कर दी मारपीट

महासमुंद। गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को दुरूगपाली के लेखराम ध्रुव ने बताया कि 30 मार्च की शाम को वह गांव में टहल रहा था। शाम करीब 4 बजे उत्तम गिरी गोस्वामी पिता गोपी गिरी गोस्वामी (33साल) एवं फर्ज गिरी गोस्वामी पिता गोपी गिरी गोस्वामी (45 साल) ग्राम दुरूगपाली अपने घर के सामने शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे, जिसे मना करने पर आज तुझे जान से मार देने कहकर दोनों भाई ने एक राय होकर मारपीट शुरू कर दी, जिससे चोटें आई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

एक्सीडेंट में एक घायल

महासमुंद। अपनी बेटी से मिलकर वापस लौट रहे बाइक सवार को मेटाडोर ने टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। पिथौरा पुलिस को शिवनारायण पटेल निवासी सरगतोरा ने बताया कि 12 फरवरी को वह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 1505 से अपनी बेटी से मिलने संत अन्ना स्कूल सांकरा गया था। बेटी से मिलकर वापस घर आते समय शाम करीब 7.30 बजे हरिओम राईस मिल के पास ग्राम डोंगरपाली पहुंचने पर पीछे से आ रही मेटाडोर दूध गाड़ी के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दाहिने पैर व दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई। रायपुर में इलाज करा कर आने के बाद प्रार्थी ने पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

निधन

हिमांचल नेताम

कुकरेल(धमतरी)। ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह निवासी हिमांचल नेताम का निधन हो गया। वे कमलेश के बेटे थे। अंत्येष्टि मुक्तिधाम में हुई जिसमें परिजन, ग्रामीण व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

सफाई के दौरान निकल रहा कई टन कचरा, बड़े नालों की जेसीबी से होगी सफाई

बारिश पूर्व शहर की नालियों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर शहर को बारिश में डूबने से बचाने तीन माह पूर्व तैयारियों में जुट गया है। शहर की नालियों का सफाई अभियान तेज हो गया है। जलमग्न क्षेत्रों का चिन्हांकन कर सफाई पर विशेष फोकस किया जा रहा है। बड़े नालों की सफाई जेसीबी मशीन से की जाएगी। सफाई में प्रतिदिन 20 टन कचरा रोज निकल रहा है जिसे ट्रेंचिंग ग्राउंड में जैविक खाद बनाने सुखाया जा रहा है। महापौर रामू रोहरा, सभापति नीलेश लूनिया ने बताया कि शहर की नालियों एवं नालों की वृहद स्तर पर सफाई की जा रही है। यह अभियान बारिश लगने तक जारी रहेगा। नालियों की सफाई, कचरों का निष्पादन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान देकर शहर को स्वच्छ और साफ बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ है। निगम कर्मचारियों की बदौलत शहर की सूरत बदल रही है। शहर की सफाई के लिए विशेष अभियान चल रहा है। वर्षों से सफाई नहीं हुई नाली, नालों की सफाई करवाकर सड़कों, बाजारों, कालोनियां, गली मोहल्ले से गंदगी हटाई जा रही है, ताकि शहर के किसी भी स्थान में जलभराव न हो। सफाईकर्मी पूरी मुस्तैदी से सफाई कार्य कर रहे हैं। नियमित सफाई से मच्छर मक्खी नहीं पनप रहे हैं।

निगम के इस प्रयास की सराहना करते हुए नागरिक प्रकाश पटेल, दिलीप साहू, निर्मल सिन्हा का कहना है कि पहले सफाई के दौरान शिकायत मिलती थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। निगम टीम समय पर सफाई कर रही है। अधिकारी कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा कि स्वच्छता की जिम्मेदारी निगम के साथ सभी नागरिकों की है। श्री लूनिया ने कहा कि सफाई अभियान निरंतर चलेगा। कचरा प्रबंधन पर पूरा ध्यान रखा जा रहा है। धमतरी शहर स्वच्छता के मामले में एक मिसाल कायम करेगा।

इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड से 8 किलो मीटर दूर सिहावा में मन्नू काम्प्लेक्स के पीछे बस स्टैण्ड सिहावा में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई। यह दुकान सिहावा निवासी पंकज चोपड़ा की है। यहां रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया।

लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा। लोगों ने दुकानदार को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व सिहावा पुलिस सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि पंकज चोपड़ा बाजारों में दुकान लगाने गया था। घर पर कोई नहीं था। परिवार वाले बाहर गए थे। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।

भगवान के स्मरण मात्र से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं : कल्पना

■ कथावाचिका ने तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम कोर्रा में अयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया गया। भगवान शिव, माता पार्वती और शिव महापुराण की पूजा- अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। भखारा मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चोवा राम साहू द्वारा दादा स्व. बोधी राम साहू की स्मृति में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचिका कल्पना पांडे ने बताया कि वर्तमान में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो दुखी न हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। भगवान के स्मरण मात्र से हर विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है। शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन शिवभक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में कथा का रसपान किया। वहीं कथा के पहले दिन कुरूद विधायक की पत्नी प्रतिभा चंद्राकर ने शिवमहापुराण कथा का श्रवण किया।

पीएमश्री स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 5 मई तक

नगरी। पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रारंभ है। कक्षा पहली के लिए 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह तक की आयु सीमा निर्धारित है। इच्छुक छात्र-छात्राएं आनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन की पावती आफलाइन आवेदन फार्म के साथ उपरोक्त समयावधि में संस्था में जमा करना अनिवार्य होगा जिससे सत्यापन किया जा सके। बीपीएल कार्डधारक आवेदकों के लिए आनलाइन फार्म के साथ राशन कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। छात्रों का चयन लाटरी पद्धति से 9 मई को पालकों की उपस्थिति में की जाएगी।

विधायक ने रावणगुड़ा, धौराभाठा में शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

धमतरी। विधायक ओंकार साहू चैत्र नवरात्रि पर ग्राम रावणगुड़ा व धौराभाठा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण व कार्यकर्ताओं की मांग पर दोनों गांव के शीतला पारा में विधायक निधि से शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। विधायक ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातारानी आप सभी ग्रामवासियों के जीवन में ढेरों खुशियां लेकर आएं। हम आपके साथ मिलकर गांव को विकसित करेंगे।

संवरेगा कांटा तालाब, लाइब्रेरी में वाईफाई की सुविधा मिलेगी

■ कलेक्टर ने किया निरीक्षण, कार्ययोजना तैयार करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के रत्नाबांधा चौक के समीप संचालित लाइब्रेरी पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से चर्चा की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी पूछा और उनका मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने बताया कि लाइब्रेरी में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप यहां कुर्सियां की कमी है। साफ-सफाई हेतु एक कर्मचारी की भी आवश्यकता है। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि परिसर में वाईफाई की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें इंटरनेट के माध्यम से जानकारी एकत्रित करने में भी परेशानी होती है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन समस्याओं का तत्काल निराकरण कर जानकारी देवें। इस दौरान कलेक्टर ने धमतरी शहर के कांटा तालाब का भी निरीक्षण किया और तालाब को संवारने के लिए समीप में बनाये जाने वाले जिम ऐरिया, पाथवे, चिल्ड्रन प्ले एरिया को देखा और अधिकारियों से इन सभी कामों का प्रपोजल तैयार कर सक्षम स्वीकृति लेने की बात कही। कलेक्टर ने मकई गार्डन का भी अवलोकन किया और इसके सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई आदि के लिए कार्ययोजना बनाने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने बालक चौक में बनाये जा रहे शापिंग काम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा के अलावा नगर निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

चेट्रीचंड पर्व पर शरबत का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिक्ख एंव सिंधी समाज द्वारा चेट्रीचंड पर्व के उपलक्ष्य में बजरंग चौक पर शरबत का वितरण किया गया। शाम को भगवान झूलेलाल की पूजा व आरती हुई। रात्रि में गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभाहाल में लंगर का आयोजन किया गया। मौके पर सिक्ख एवं सिंधी समाज के अध्यक्ष अनिल वाधवानी, राजा टहलवानी, सुरेश नारंग, राकेश नारंग, सुरजीत सिंह खनूजा, शंकर पंजाबी, विक्की खनूजा, बलजीत सिंह छाबड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष, विजय सचदेव, प्रेम वाधवानी, गिरधर टहलवानी, जसपाल सिंह खनूजा, विन्नी नारंग, ज्योति खनूजा, माया पंजाबी, सिमरन नारंग, जीतू खनूजा, ममता मोटवानी, राखी वाधवानी, मेघा छाबड़ा, पूनम छाबड़ा, प्रिया सचदेवा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

नए सत्र के पहले दिन बच्चों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद के एक निजी स्कूल में मंगलवार को नए शिक्षण सत्र 2025-26 के पहले दिन नवप्रवेशी और पूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। प्रार्थना स्थल पर ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सभी बच्चों का तिलक वंदन एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पहले दिन के इस खास पल को अपनी मीठी मुस्कान और उमंग से मनभावन बना दिया। इसी तरह प्री प्राईमरी विभाग में भी बच्चों का स्वागत आकर्षक अंदाज में हुआ। विशेष कर नन्हे-मुन्हे बच्चों जिन्होंने पहली बार विद्यालय की भूमि पर कदम रखा, उन्हें उनके हाथों से लाल श्रृंगार से थप्पी लगवाकर इस दिन का यादगार आगाज किया। छोटे बच्चों में उत्साह अपने चरम पर रहा। इस दौरान समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

निगम में अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम की जन्म मृत्यु शाखा में प्रमाण पत्र बनवाने लोगों को सहूलियत दी जा रही है। प्रमाणपत्र के लिए लंबी कतार और लेटलतीफी से लोगों को छुटकारा मिल गया है। पहले की अपेक्षा अब जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना आसान हुआ है। प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने महापौर रामू रोहरा ने प्रभावी कदम उठाए हैं। लोगों को अब बड़े हाल में बैठकर प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा दी जा रही है। यह प्रकिया एक सप्ताह के अंदर कंपलीट हो जाएगी।

पहले लोगों को प्रमाण पत्र बनवाने लंबी कतार में खड़ा होना पड़ता था। प्रक्रिया पूर्ण होने पर महीनों का समय लगता था। जगह छोटी होने से हितग्राहियों एवं कर्मचारियों को दिक्कतें होती थीं। श्री रोहरा के निर्देश पर इसे सुगम बनाया गया है। निगम प्रशासन की तत्परता और डिजिटल प्रक्रियाओं के बेहतर समन्वय से यह कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण हो रहा है। शाखा में आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया गया है जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बन गई है।

निगम कार्यालय पहुंचे हितग्राही चेतन विश्वकर्मा, सावित्री निर्मलकर, शांति बंजारे, दुखुराम ध्रुव, जानकी ध्रुव, शीतल लहरे ने बताया कि प्रमाण पत्र के लिए आफिस का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। समय सीमा के अंदर काम हो रहे हैं। निगम अब नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। योजना का लाभ सीधे उन तक पहुंच रहा है।

रामचरित मानस भगवान राम का अद्भुत विग्रह रूप है : दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेनचुवा (सेमरा) में ग्रामवासियों एवं भगवती मानस परिवार द्वारा तीन दिवसीय मानसगान सम्मलेन का आयोजन किया गया। अतिथि हिन्दू जागरण मंच जिला धमतरी के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, हरिशंकर शांडिल्य, अमरदीप देवांगन, लक्ष्मीकांत सोनी थे। मौके पर दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रामचरितमानस गान का सम्मलेन का आयोजन होता है लेकिन मानस के आदर्शों को समाज ने अभी तक कितना स्वीकार किया यह चिंतन का विषय है। श्रीराम चरित मानस सिर्फ एक पुस्तक नहीं बल्कि भगवान रामचंद्र का अदभुत विग्रह रूप है। रामचरित मानस का प्रत्येक पात्र अपने आप में एक अनोखा आदर्श है। यदि हिन्दू समाज का प्रत्येक व्यक्ति उनके आदर्शों को अपनाएं तो उनका कल्याण होना निश्चित है। धर्म, सत्य, त्याग, मर्यादा के भाव और संगठित होकर ही समाज की रक्षा हो सकती है। मौके पर भगवती मानस परिवार के अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पीएम मोदी का पिंकी ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा किसान मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह ने रायपुर प्रवास पर पहुंचे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वामी विवेकानंद विमान तल रायपुर में स्वागत किया।

सहकारी समिति प्रबंधक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

सहकारी समिति मर्यादित 227 के प्रबंधक हनुमान सिन्हा विगत 39 वर्षों से अंवरी सोसाइटी में सेवा दे रहे थे। आज 62 वर्ष पूर्ण होने के बाद उन्हें विदाई दी गई। समिति प्रबंधक को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष कामताप्रसाद साहू, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, सुनील गायकवाड़, आनंद यदु, सुरेंद्र निर्मलकर, सेवकराम तारक, परस निर्मलकर, लेखराम साहू, भंवर साहू, रोहित साहू, श्यामलाल साहू समेत बड़ी संख्या में कृषक एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉ. शोभाराम देवांगन गरीबों के मसीहा थे : राजेश

धमतरी। ब्राम्हणपारा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. शोभाराम देवांगन की 42 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश पाण्डेय ने कहा कि वे बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के सहपाठी थे। नगर पालिका के प्रथम पार्षद भी रहे। आयुर्वेदाचार्य भी रहे। आयुर्वेद में प्रथम डॉक्टर की उपाधि डा. शोभाराम को मिली। उस समय इलाज फ्री में करते थे। देवांगन समाज को आगे बढ़ाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान था। हम इनके आदर्शों पर चलकर देशभक्ति की भावना जागृत करें। मौके पर संतोष वर्मा, भोला कुंभकार, किशोर साहू, कोमल निर्मलकर, मोहन कुंभकार, रोहन कौशिक, पप्पू कौशिक, भावेश ढीमर, दिलीप सिन्हा, निखिल सिन्हा, आकाश वर्मा, यश वर्मा, अमन वर्मा, रितेश सोनवानी, अविनाश नेताम, राजा कौशिक, मनोहर कौशिक उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

आज गायत्री परिवार 108 स्थानों पर करेगा दीप महायज्ञ

धमतरी। माताजी के जन्म शताब्दी समारोह 2026 के उपलक्ष में गायत्री परिवार द्वारा धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक के सभी गायत्री प्रज्ञा पीठों, शक्तिपीठों, प्रज्ञा मण्डल, महिला मण्डल एवं गांवों में चैत्र नवरात्रि पंचमी पर 2 अप्रैल को संध्या 5 बजे से 6 बजे तक एक साथ एक ही समय में दीप महायज्ञ संपन्न किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने सभी गायत्री परिजनों से इस अभियान में भागीदारी निभाने के लिए निवेदन किया है।

भुवाल सिंह बने सहायक पशु चिकित्सक

धमतरी। ग्राम गातापार कोर्रा के पूर्व सरपंच एवं सामाजिक

कार्यकर्ता सुग्रीव नेताम के पुत्र भुवाल सिंह नेताम का चयन सहायक पशु चिकित्सक क्षेत्र अधिकारी के रूप में जिला सुकमा के लिए हुआ है। भुवाल सिंह नेताम छात्र जीवन से ही समाज के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। वहीं मां अंगारमोती ट्रस्ट द्वारा प्रतिभावान छात्र के तौर पर सम्मानित किया जा चुका है। भुवाल सिंह ने बताया कि उन्हें कड़ी मेहनत से सफलता मिली है। इसका श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और गुरुजनों तथा मित्रों को दिया है। उनके चयन पर गोंड़ समाज के तहसील अध्यक्ष ठाकुरराम नेताम, सर्व आदिवासी समाज के तहसील अध्यक्ष होमन सिंह कतलाम, केवल सिंह नेताम, कुलेश्वर छैदेया, ईश्वर कंवर, रामप्रसाद कवर, रोहित नेताम, संतोष नगारची ,सेवादार रामप्रसाद ध्रुव ने हर्ष जताया है।

ब्राम्हण समाज धमतरी तहसील इकाई की कार्यकारिणी घोषित

धमतरी। ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान की सहमति से धमतरी तहसील इकाई के अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी ने पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। संरक्षक जानकी प्रसाद शर्मा, पं. राजेश शर्मा, पं. संतोष तिवारी, बीपी तिवारी, मार्गदर्शक बीपी पराडकर, शरद चौबे, पुरूषोत्तम पाण्डेय, अशोक मिश्रा, पं. महेश तिवारी, विद्याशंकर दीवान बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में पं. राजकुमार तिवारी, आशुतोष शर्मा, दीपक दुबे, सत्येन्द्र शर्मा, संतोष तिवारी, हरीश चौबे, निशांत दुबे, हुबलाल शर्मा, योगेश्वर तिवारी, आलोक पाण्डेय, राजा तिवारी, रेवती तिवारी, जैनेन्द्र शर्मा, महावीर मिश्रा, विनोद पाण्डेय, विशाल त्रिवेदी, गिरीश चौबे, भूषण तिवारी, हिमांचल पाण्डेय, हरीश शर्मा, आलोक तिवारी, ग्रामीण दीपनारायण शर्मा, ग्रामीण ललित शुक्ला, ग्रामीण श्रीमती सविता पाण्डेय, श्रीमती नलिनी मिश्रा, श्रीमती संजू मिश्रा, श्रीमती मंजुलता शर्मा शामिल हैं। यह जानकारी तहसील ब्राम्हण समाज के महासचिव अमन कुमार पाण्डेय ने दी है।

पेयजल के लिए 34 किमी राइजिंग पाइप बिछाई गई, आपात स्थिति से निपटने 12 टैंकर उपलब्ध

गर्मी में भी शहरवासियों को मिलेगा भरपूर पानी, नहीं होगी किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गर्मी का सीजन लगते ही शहर के कुछ वार्डों में पानी की किल्लत प्रारंभ हो जाती है। इस समस्या के निदान के लिए महापौर के निर्देश पर जल विभाग ने बैठक लेकर तैयारी पूर्ण कर ली है ताकि 3 माह की गर्मी में शहरवासियों को पेयजल के लिए कोई दिक्कत न हो। वर्तमान में शहरवासियों को प्रति व्यक्ति 115 लीटर पानी प्रतिदिन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, जिसे गर्मी में बढ़ाई जाएगी। शहर के 40 वार्डों में पिछले 10 साल में जनसंख्या की वृद्धि हुई है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में डेढ़ लाख आबादी शहर में निवासरत हैं। पेयजल की आपूर्ति वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से होती है जिसकी क्षमता 14.70 एमएलडी है। पेयजल वितरण के लिए 34 किमी राइजिंग पाइप बिछाई गई है। 80 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पानी की सप्लाई हो रही है। पाइपलाइन के सहारे शहर में स्थापित 11 ओव्हर टैंक में पानी पहुंचता है जो 10391 घरेलू, 59 कामर्शियल तथा 186 सार्वजनिक नल कनेक्शन के माध्यम से लोगों तक पानी पहुंच रहा है। शहर में 80 प्रतिशत पेयजल की आपूर्ति वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा 20 प्रतिशत बोरपंप के माध्यम से होती है।

जल विभाग के अनुसार शहर में 98 हैंडपंप, 6 स्थानों पर वाटर एटीएम लगा हुआ है। पानी सुबह शाम दो घंटे के लिए प्रदाय है। जल विभाग में पानी आपूर्ति के लिए 15 कर्मचारी दिन रात काम करते हैं। पानी के शुद्धिकरण के लिए 60 टन ब्लीचिंग व डेढ़ सौ टन एलम की खपत प्रतिवर्ष होती है। पाइप लाइन से टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचना गैर कानूनी है। ऐसा करते पाए जाने पर टुल्लू पंप की जब्ती, जुर्माना, सजा का प्रावधान है। टीम समय-समय पर घरों का निरीक्षण करने निकलती है। पानी की आपूर्ति के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर 120 से अधिक पावर पंप, बोर पंप, सबमर्सिबल लगाए गए हैं जिसकी क्षमता 5 एचपी, 7 एचपी है। वार्डों में सप्लाई के लिए पाइपलाइन और सिन्टेक्स की प्लास्टिक टंकी लगाई है जिसके माध्यम से लोगों को शुद्ध पानी मिलता है। इसके अलावा आपात स्थिति में निगम के पास 12 टैंकर उपलब्ध हैं जो पानी की किल्लत पर वार्डों में पहुंचकर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराता है। महापौर रामू रोहरा एवं जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत नहीं होगी। इस संकट से निपटने निगम ने व्यवस्था कर ली है।

खनिज विभाग ने चार दिन में छह हाइवा, दो जेसीबी और छह ट्रेक्टर पकड़े

रेत के अवैध परिवहन और भण्डारण पर कार्रवाई हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देश के बाद रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज विभाग ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। पिछले चार दिनों में विभाग के अधिकारियों ने छः हाइवा, दो जेसीबी मशीन और छः ट्रेक्टरों को अवैध रेत के मामले में जब्त किया है। जिले के खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज ने बताया कि नगरी तहसील के घटुला क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते हुए एक महेन्द्रा ट्रेक्टर को जब्त कर सिहावा थाने में अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं मगरलोड के ग्राम मेघा में पेट्रोल पम्प के किनारे अवैध रेत भण्डारण के काम में लगी जेसीबी मशीन और एक हाइवा को भी जब्त कर कुरूद मण्डी परिसर में अभिरक्षा में रखा गया है। श्री भारद्वाज ने बताया कि लीलर और कोलियारी के आसपास के क्षेत्रों में अवैध रेत परिवहन करते हुए पांच ट्रेक्टरों पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। लीलर गांव में ही रेत के अवैध भण्डारण में लगी एक चेन माउंटेन जेसीबी मशीन को जब्त कर कलेक्टोरेट परिसर में रखा गया है। उन्होने यह भी बताया कि धमतरी तहसील के दोनर गांव में रेत का अवैध परिवहन करते हुए चार हाइवा जब्त किए गए हैं। वहीं सिहावा चौक के पास अवैध मुरूम का परिवहन करते हुए एक हाइवा वाहन को भी जब्त कर कार्रवाई की जा रही है। श्री भारद्वाज ने बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम, गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

अधूरे पड़े मकान में स्कूल का संचालन

■ पंखे, लाइट और ना ही साइकिल रखने की व्यवस्था, पालकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम सांकरा में एक प्राइवेट स्कूल संचालक की मनमानी चन रही है। ग्राम पंचायत के बिना अनुमति के स्कूल चला रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बालक बालिकाओं के लिए सिर्फ एक ही शौचालय है वह भी जर्जर में। बच्चों के लिए खेल मैदान भी नहीं है। बच्चों की साइकिल रखने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है जिससे आने जाने वाले व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि अधूरे पड़े मकान में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। पंखे, लाइट तक की व्यवस्था नहीं है। बताया जाता है कि पालकों से मनमानी फीस वसूली की जा रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए प्रत्येक बच्चे से 300 रूपये लिया जाता है। शासन से आरटीई योजना के तहत लाखों रूपये आता है। इसका हिसाब न शासन के पास जाता है न ही पालकों को दिया जाता है। पूछने पर प्रधानपाठक ने सही ढंग से जवाब भी नहीं दिया। ग्रामीण प्रवीर साहू, भरत पटेल, यश, विक्की साहू, डेविड साहू, रेखराज केंवट, दुर्गेश भण्डारी आगे कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के पास जाकर इाकी शिकायत करेंगे। स्कूल संचालक ने अपने भतीजे को प्राधानपाठक बानाया है। उन्होंने ग्रेजुएशन तक नहीं किया है। इस मामले में प्रधानपाठक गौरव सिन्हा ने अपने बड़े पापा से बात करवाने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

इस मामले में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी केआर साहू ने कहा कि इस बारे में डीईओ अधिकारी बता सकते हैं। डीईओ टीआर जगदल्ले ने अधूरे मकान पर स्कूल संचालित करना ग़लत है। इसकी जांच करवाता हूं।

अंग्रेजी शराब के दाम 11 से 4 प्रतिशत तक घटे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ रायल स्टेज 250 से घटकर 210 हुई

शराब के शौकिनों के लिए राहत की खबर है। अंग्रेजी शराब में 4 से 11 प्रतिशत दाम घट गए हैं। 1 अप्रैल से कम दाम पर अंग्रेजी शराब बिकने लगी है।

अन्य प्रदेशों में शराब की कीमत कम होने और छग में इसका दाम ज्यादा होने से असर से प्रदेश में शराब की तस्करी का मामला काफी बढ़ गया था। शराब की तस्करी पर लगाम लगाने शासन ने अंग्रेजी शराब के भाव को 4 से 11 प्रतिशत तक घटा दिया है। शराबप्रेमियों का कहना है कि यह पहला अवसर है जब शासन ने शराब के दाम गिरा दिए हैं, नहीं तो हर साल शराब के दाम बढ़ जाते थे। शासन के इस

निर्णय पर उनका कहना है कि अब उनकी जेबें ज्यादा ढीली नहीं होंगी।

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायल स्टेज का भाव बोतल में 1000 रुपए, अद्धी 500 और क्वाटर 250 रुपये था, अब इसका दाम घटकर 840, 420, 210 रूपये हो गई है। इसी तरह गोवा 500, 260, 130 से घटकर 480, 240, 120 रूपये, नबंर वन का दाम 840, 420, 210 से घटकर 760, 380, आईबी 880, 440, 220 से घटकर 800, 400, 200 रूपये हो गई है। फ्रंटलाइन 720, 360, 180 से गिरकर 640, 620, 160 रुपये हो गई है। बीयर बाटल सिम्बा की कीमत 220 से 210 हो गई है।

चार नई शराब दुकानों पर संशय

जिले में 28 मदिरालय संचालित हैं। धमतरी अनुविभाग में 12 देशी, 5 विदेशी, कुरूद में 5 देशी, 3 विदेशी, नगरी में 2 देशी 1 विदेशी के साथ कम्पाजिट शराब दुकानें हैं। बताया जा रहा है कि शासन के निर्णय अनुसार 4 और शराब दुकान जिले में खोली जाएगी। लेकिन ग्रामीणों और कुछ सामाजिक और राजनैतिक पार्टियों के विरोध से नई शराब दुकान खोलने पर संशय की स्थिति है। कहा जा रहा है कि नई शराब दुकानों को रातोंरात खोला जाएगा। इससे ग्रामीणों का विरोध प्रशासन को नहीं झेलना पड़ेगा।

बेलतरा में ज्योति कक्ष भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बेलतरा में शीतला माता मंदिर में ज्योति कक्ष भवन का निर्माण पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू की अनुशंसा से हुआ था, जिसका लोकार्पण नवरात्रि पर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपेंद्र साहू थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्यामसुंदर सिन्हा ने की।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य पार्वती मोहित साहू, उपसरपंच नरेंद्र साहू, ग्राम पटेल बीरेंद्र सिन्हा थे। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने पहले गांव की आराध्य देवी माता शीतला की पूजा अर्चना की। इसके बाद ज्योति कक्ष भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डीपेंद्र साहू ने कहा कि सभी गांव में नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। हमारा क्षेत्र धर्म की धारा है जहां आदिशक्ति मां शीतला भवानी, मां अंगार मोती, मां विंध्यवासिनी विराजमान है। प्रत्येक गांव में गांव की रक्षा व शीतलता प्रदान करने के लिए मां शीतला विराजमान हैं। यह पवित्र स्थल हम सबकी आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु है।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि शीतला के प्रांगण में आत्मिक सुखों का भंडार है। माता की कृपा से गांव सहित समस्त क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख प्रकाश ध्रुव, जगमोहन ध्रुव, ग्राम पटेल बीरेंद्र सिन्हा, गोरख गजेंद्र, मंडल महामंत्री नरेश यादव, नरेंद्र साहू, संतराम ध्रुव,माखन सिंहा, तिलक साहू, उदय सिन्हा, बालाराम नागवंशी, लखन ध्रुव, खेलन सिन्हा, हरीश सिन्हा, तिलकराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

मां अंगारमोती मंदिर परिसर के विकास के लिए कलेक्टर से मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

5 अक्टूबर 2001 में प्रकाशित छत्तीसगढ़ राजपत्र प्राधिकार में 0.98 एकड़ में मातेश्वरी माता अंगार मोती देवी स्थल एवं 7.5 एकड़ में मातेश्वरी माता अंगार मोती मड़ाई (मेला) वार्षिक समारोह स्थल आरक्षित है। उसके सम्पूर्ण विकास के लिए गोंड समाज के जिलाध्यक्ष एवं पांचों तहसील अध्यक्ष ने कलेक्टर से मिलकर चर्चा की। साथ ही जेएमएफसी टीम द्वारा पार्किंग के नाम से जो श्रद्धालुओं से राशि ली जा रही है, उसे नवरात्रि पर्व तक निःशुल्क करने का अनुरोध किया। आदिवासी जमीन को गैर आदिवासी समाज को परमिशन नहीं देने की मांग की। आगे कहा कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर कुछ लोग नौकरी कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी जांच नहीं हो रही है। इन सभी बिंदुओं से कलेक्टर एवं एडीएम मैडम को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने अविलंब कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान माधव सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज, जीवराखन मरई संरक्षक गोंड समाज, जयपाल ठाकुर, ठाकुर राम, ललित ठाकुर, नारायण ध्रुव, डॉ. एआर ठाकुर, श्रीमती ईश्वरी नेताम महिला अध्यक्ष, शिव नेताम कोषाध्यक्ष, हर्ष मरकाम युवा प्रभाग, जगमोहन मंडावी सांकरा मौजूद थे।

कबीर स्मृति महोत्सव अब 11 अप्रैल को

■ संतों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रण कार्ड भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी में कबीर स्मृति महोत्सव पहले 5 अप्रैल को आयोजित था जो अब 11 अप्रैल को होगा। मुख्य वक्ता संत गुरुभूषण साहेब सूरत गुजरात होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के संत संगठन व विभिन्न आश्रमों से 100 से अधिक संत साध्वियों का आगममन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता अरुण साव उपमुख्यमंत्री करेंगे। विशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा प्रभारी मंत्री धमतरी, रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग आयोग छत्तीसगढ़, प्रहलाद रजक प्र.का.स. सदस्य भाजपा, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद, रामू रोहरा महापौर, ओंकार साहू विधायक होंगे। यह कार्यक्रम कबीर संस्थान, यथार्थ फाउंडेशन धमतरी, संत कबीर सेवा संस्थान देवपुर एवं कबीर योग ध्यान व शोध संस्थान भालूकोन्हा बालोद के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक, संरक्षक संत रविकर साहेब ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम की तिथि में संशोधन किया गया है। कार्यक्रम में सुरेश ठाकुर सरल सरिता भजनामृत ग्रुप रायपुर, वीरेंद्र साहू प्राचार्य संगीत महाविद्यालय धमतरी, डोमार साहू, तुलसीराम साहू भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में संत निवास भवन का लोकार्पण, दिव्यांगजन उपकरण भेंट, विशिष्ट व्यक्ति एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सड़क के मध्य से दोनों तरफ 40-40 फीट मार्किंग

सड़क चौड़ीकरण मामले में वार्डवासियों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वर्तमान में शहर के तीन प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण (फोरलेन) प्रस्तावित है। जिसमें रत्नाबांधा चौक से मुजगहन, सिहावा चौक से नहर नाका चौक, अंबेडकर चौक से गंगरेल शामिल है। रूद्री रोड में गोकुलपुर क्षेत्र में सघन बस्ती है। पिछले दिनों सड़क के मध्य से दोनों तरफ 40-40 फीट नाप लेकर मार्किंग की गई है जिससे ज्यादातर घरों का आधा हिस्सा व कई घरों का पूरा हिस्सा इस जद में आ रहा है। नाप के बाद सभी दहशत में हैं। इस संबंध में मंगलवार को रोड किनारे के रहवासियों ने नगर निगम पहुंचकर महापौर रामू रोहरा को आवेदन सौंपा। इस दौरान लोक निर्माण विभाग प्रभारी सदस्य विजय मोटवानी, गोकुलपुर पार्षद गजेंद्र कंवर भी मौजूद थे। वार्डवासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि ज्यादातर घरों के मुखिया दुकान के माध्यम से परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। यदि दुकान टूट जायेगा तो व्यापार खत्म हो जायेगा। हम चौड़ीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि सड़क की चौड़ाई कम हो। सघन बस्ती क्षेत्र में टू लेन ड्रेन टू ड्रेन रखा जाये। ताकि हम सभी सुरक्षित रह सके। महापौर ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया है कि अभी प्रथम चरण में रत्नाबांधा रोड और सिहावा रोड में काम होगा। रुद्री रोड में सघन बस्ती का मामला उनके संज्ञान में है। वार्डवासियों के बीच बैठकर ही कोई निर्णय लिया जाएगा। नक्शा आने के बाद क्या प्लान बनता है, यह देखेंगे। किसी का घर नहीं टूटेगा सभी निश्चिंत रहें।

इस दौरान लीलाराम साहू, बाबूलाल यदु, संतोष उपाध्याय, प्रकाश साहू, दीपक दुबे, विजय पुरी गोस्वामी, मुकेश वर्मा, महेन्द्र कुमार साहू, रूपेश कुमार साहू, राजकुमार साहू, भीष्म नारायण साहू, राजा भोजवानी, किशोर कुमार वाही, जीएल साहू, सुशील राम साहू, नरेन्द्र साहू, चंद्रहास साहू, महेश साहू, भीखम साहू, जयंत साहू, भूपेन्द्र साहू, संतोष साहू, पूर्व पार्षद महेश साहू, उपेन्द्र साहू, भुनेश्वरी साहू, इंद्राणी साहू, हेमलता साहू, हेमप्रभा चंद्राकर, भारती साहू, गीता साहू, रामकुंवर साहू, लता साहू, यशोदा साहू, रूक्मणि साहू सहित अनेक वार्डवासी मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020